समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 30 August 2026

# 17वे दिन भी जारी सोनम वांगचुक का अनशन, बिगड़ती सेहत पर बोले '3 इडियट्स' के चतुर- "मै उंन्हे मंरने नहीं देना चाहता"

Sanket Morankar
Published on 14 Jul 2026



पर्यावरणविद्, शिक्षाविद् और नवाचार विशेषज्ञ **सोनम वांगचुक** के अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का मंगलवार को **17वां दिन** है। उनकी लगातार बिगड़ती सेहत को लेकर देशभर में चिंता बढ़ती जा रही है। इसी बीच फिल्म **'3 इडियट्स**' में '**चतुर रामलिंगम**' का किरदार निभाने वाले अभिनेता **ओमी वैद्य** ने सार्वजनिक रूप से उनका समर्थन करते हुए भावुक अपील की है।

ओमी वैद्य ने कहा कि वह नहीं चाहते कि '**फुंसुक वांगडू**' (फिल्म में आमिर खान का किरदार, जो सोनम वांगचुक से प्रेरित माना जाता है) जैसी प्रेरणादायक शख्सियत को कुछ हो। उन्होंने लोगों से वांगचुक द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों को गंभीरता से सुनने और समझने की अपील की।

ओमी वैद्य ने क्या कहा ?

खुद को "3 इडियट्स का चतुर" बताते हुए ओमी वैद्य ने कहा,

> **"मै नंहीं चाहता कि फुंसुक वांगडू मरे।"**

उन्होंने बताया कि सोनम वांगचुक केवल एक पर्यावरणविद् ही नहीं, बल्कि एक उत्कृष्ट इंजीनियर, शिक्षक और नवाचार को बढ़ावा देने वाले व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने समाज और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

सेहत लगातार बिगड़ रही

वांगचुक की सेहत को लेकर चिंता लगातार बढ़ रही है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, अनशन के दौरान उनका **करीब 8.5 किलोग्राम वजन कम हो चुका है**। साथ ही उनका **ब्लड प्रेशर 109/70** दर्ज किया गया है और लंबे समय तक भोजन न लेने के

कारण शरीर की मांसपेशियां भी कमजोर होने लगी हैं।

सरकार से बातचीत की मांग

वांगचुक से अनशन समाप्त करने की अपील किए जाने पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि उनसे अनशन खत्म करने की बात न की जाए, बल्कि सरकार से पूछा जाए कि वह बातचीत क्यों नहीं कर रही है। उनका कहना है कि जब तक उनकी प्रमुख मांगों पर सार्थक संवाद नहीं होगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

किन मुद्दों को लेकर कर रहे हैं आंदोलन?

सोनम वांगचुक अपने आंदोलन के माध्यम से **शिक्षा व्यवस्था मे सुधार, पेपर लीक जैसे मामलों पर सख्त कार्रवाई, पर्यावरण संरक्षण और लद्दाख से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों** को उठा रहे हैं। उन्होंने लोगों से इन विषयों पर गंभीरता से विचार करने की अपील की है।

वांगचुक के समर्थन में अब सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों और फिल्म जगत की कई हस्तियां भी सामने आ रही हैं। उनकी बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए सरकार और प्रशासन से जल्द सकारात्मक पहल की उम्मीद जताई जा रही है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.